रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 28 अप्रैल 2019, बरेली, उत्तर प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

Page NO : 08 MIDDLE

बीमारी में नवजात बच्चों की खास देखभाल जरूरी

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

श्री राममूर्ति स्मारक इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज में बाल रोग विभाग और इंडियन एकाडमी आफ पिडियाट्रिक की तरफ से शनिवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें 100 से अधिक बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टरों और पीजी के छात्रों ने हिस्सा लिया। सेमिनार का मुख्य विषय बच्चो और किशोरों में होने वाली बीमारियों और उनके इलाज के बारे में चर्चा करना था।

सेमिनार का उद्घाटन सचिव डा. प्रीती लता राय ने किया। डा. पियाली भट्टाचार्य, संस्थान के प्रशासनिक निदेशक आदित्य मूर्ति, डायरेक्टर मेडिकल डा. निर्मल यादव, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. एसके हांडा, आईएपी के जिला शाखा के अध्यक्ष डा. अतुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

दिल्ली से डा. आशीष सिमलती ने बच्चो के इलाज में आईसीयू के उपयोग के बारे में बताया। लखनऊ से आए डा. गीरीश गुप्ता ने नवजात शिशु की विशेष प्रकार से की जाने वाली देखभाल पर चर्चा की। बाल रोग विशेषज्ञ डा. रवि खन्ना ने नवजात शिशु के फेफड़ों की धमनियों से संबंधित रोग पर चर्चा की। कार्यक्रम के तृतीय सत्र में आरटिमिस अस्पताल गुड़गांव से आए डा. गौरव ने बच्चों में हीमोग्लोबिन से संबंधित अनियमितताओं पर चर्चा की। उनके साथ ही फोर्टिस अस्पताल के डा. विकास दुआ ने बच्चों में रक्त की कमी से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया।